

मूलर को हराकर जोकोविच ने की शानदार शुरुआत


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, गुरुवार 03 जुलाई 2025, आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी, संवत 2082




पेज 07

सदर अस्पताल में अब करा सकेंगे


## 100 से अधिक तरह के ब्लड टेस्ट

### ब्लड टेस्ट के लिए मरीजों को नहीं जाना होगा बाहर

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद सदर अस्पताल में जल्द ही मरीजों को सौ से अधिक तरह के ब्लड टेस्ट की सुविधाएं मिलेंगी. इसके लिए अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में हेमोटोलाइजर व सेमी ऑटो एनालाइजर मशीन इंस्टॉल करने का काम पूरा हो गया है. स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से अस्पताल के पैथोलॉजी में खून (रक्त) जांच की संख्या बढ़ाने को लेकर अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध करायी गयी है. इन मशीनों के माध्यम से कंप्लीट ब्लड काउंट (सीबीसी), लीवर फंक्शनिंग टेस्ट (एलएफटी), किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) समेत बायोकेमिस्ट्री से संबंधित सभी रक्त सैंपलों की जांच की सुविधा मरीजों को मिलेगी. सदर अस्पताल के खुले लगभग आठ वर्ष हो चुके हैं. मशीनों के अभाव में अस्पताल में सीमित खून जांच की सुविधा मिल रही है.

वर्तमान में सदर अस्पताल के पैथोलॉजी में रक्त जांच की सुगर, थायरॉयड, ट्रुनेट, ब्लड ग्रुप, मलेरिया समेत सीमित रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध है. ऐसे में अन्य तरह की रक्त जांच के लिए मरीजों को बाहरी केंद्र में जाना पड़ता है. नई व्यवस्था के तहत अस्पताल में विभिन्न तरह की रक्त जांच की संख्या बढ़ने पर मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार सदर अस्पताल के पैथोलॉजी में विभिन्न तरह की रक्त जांच सुविधा शुरू करने के लिए रीएजेंट व केमिकल की खरीदारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. अधिकारियों के अनुसार विभिन्न तरह के रक्त सैंपलों की जांच के लिए कई तरह के रीएजेंट की खरीदारी हो चुकी है. जल्द ही अन्य केमिकल भी मिलेंगे. रीएजेंट व केमिकल के पहुंचते ही पैथोलॉजी में रक्त सैंपलों की जांच की सुविधा शुरू कर दी जायेगी.



#### घंटे भर में 600 मरीजों की होगी जांच

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया ऑटो एनालाइजर मशीन की सुविधा शुरू होने से मरीजों को लाभ होगा. इस मशीन के जरिए जांच की प्रक्रिया में तेजी आयेगी और सटीक परिणाम भी मिलेंगे. मशीन के माध्यम से एक घंटे में 600 मरीजों की जांच संभव होगी. इससे मरीजों को जांच रिपोर्ट जल्द मिलेगी.

## जीतपुर कोलियरी में भूमिगत उत्पादन बंद होने पर भड़का जनआक्रोश

शुभम संदेश। झरिया

झारखंड की ऐतिहासिक जीतपुर कोलियरी में भूमिगत उत्पादन अचानक बंद कर दिए जाने के विरोध में बुधवार को इलाके में उबाल आ गया. सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में पुरुष और महिलाएं कोलियरी के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर जोरदार नारेबाजी करने लगे. गेट पर चिपकाए गए नोटिस से लोगों में और आक्रोश फैल गया. राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ जीतपुर कोलियरी के शाखा सचिव रंजीत कुमार यादव ने कोलियरी गेट पर अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा करते हुए कहा कि कोलियरी प्रबंधन ने बिना किसी पूर्व सूचना के उत्पादन बंद कर दिया है, जो श्रमिकों के जीवन पर सीधा हमला है. उनका कहना था कि इस निर्णय से न केवल सैकड़ों मजदूरों की रोज़ी-रोटी पर संकट आ गया है, बल्कि पूरे इलाके की आजीविका प्रभावित हुई है. इस विरोध प्रदर्शन में समाजसेवी रीना पासवान भी दर्जनों महिलाओं के साथ शामिल हुईं. उन्होंने कोलियरी पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस निर्णय को जनविरोधी बताया. उन्होंने कहा कि महिलाओं के सामने रोज़गार का संकट खड़ा कर दिया गया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

(शेष पेज-11 पर)

#### अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान



### ब्रीफ खबरें

#### फांसी लगाकर बीसीसीएल कर्मी ने की आत्महत्या

**झरिया।** अलकडीहा एमओसीपी ऑफिसर कॉलोनी के समीप रहने वाले बीसीएएल कर्मी श्याम सुन्दर मोदी उम्र लगभग 45 वर्ष गले में फंदा लगा कर झूल गया. मालुम चलने के बाद आनन-फानन में पत्नी सुनीता देवी लोगों की मदद से फंदे से उतार कर सेन्ट्रल अस्पताल सरायढेला ले गई. जहाँ डॉक्टर द्वारा जाचों उपरांत मृत घोषित कर दिया. बताया जाता है की स्कूल से आने के बाद छोटे बेटे सोनु ने पिता के बारे में पूछा तो माँ ने नीचे वाले रूम जा कर देखने को कहा. सोनु जब नीचे पहुंचा तो देखा कि पापा रस्सी से लटके हुए हैं. उसने मां को बुलाया. अन्य के मदद से उसे नीचे उतार कर अस्पताल पहुंचाया.

#### डीजे और खतरनाक खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध

**चिरकुंडा।** मोहर्रम पर्व को लेकर चिरकुंडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी रामजी राय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में निचे बाजार, फकीर मोहल्ला, सोनार डंगाल और तालडांगा के अखाड़ा संचालक सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे. बैठक में शराब पर रोक, भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण, बिजली-पानी और सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई.

#### डीपी ने किया सिजुआ कार्यालय का निरीक्षण

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल डीपी एमके रमैया ने बुधवार को कतरास व सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण किया. बीसीसीएल कर्मियों की पदोन्नति सहित सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली. चार दिनों पूर्व अंगारपथरा के कांटा पहाड़ी में अभियंता रितेश कुमार के साथ हुई मारपीट के बारे में जानकारी ली और उससे मिलकर हाल-चाल पूछा. इसके बाद चले गये. उनके साथ जीएम एचआरडी अनूप कुमार राय, मनोज कुमार, महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती, संजय सिंह, एपीएम अशोक कुमार, जगदीश कर्मकार, कल्याण विभाग अध्यक्ष किरण रानी नायक आदि शामिल थे.

### मुहर्रम की सातवीं तारीख आज, लहरायेंगे इमाम हुसैन के परचम

## अखाड़ा दल निर्धारित रूट और समय का करेंगे पालन : डीसी

### सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**खास बातें**

- डीजे बजाने पर रहेगी पूर्ण पाबंदी : एसएसपी
- उपद्रवियों को चिह्नित कर प्रशासन को करें सूचित

शुभम संदेश। धनबाद



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को न्यू टाउन हॉल में मुहर्रम को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त ने कहा कि सभी अखाड़ा दल निर्धारित रूट एवं समय का पालन करना सुनिश्चित करेंगे. वहीं संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी त्योहार से पहले रूट का भौतिक सत्यापन भी कर लेंगे. उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया में दुष्प्रचार, भ्रामक प्रचार, किसी की धार्मिक भावना को आहत करने या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. उन्होंने सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाली अफवाह या दुष्प्रचार की जानकारी निकटतम थाना को देने का अनुरोध किया.उपायुक्त ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे. साथ ही कहा कि बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने पानी, बिजली, साफ सफाई इत्यादि से संबंधित जो भी मुद्दे उठाए हैं, उसका जिला प्रशासन द्वारा समाधान करने का प्रयास किया जाएगा.

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी. उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से उपद्रवी तत्वों, सोशल मीडिया पर किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वालों की सूचना पुलिस को देने, त्योहार में प्रशासन के साथ मौजूद रहने का अनुरोध किया. साथ ही सभी अखाड़ा दलों को ताजिया की ऊंचाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा की ताजिया की ऊंचाई ऐसी रखें जिससे मार्ग में कहीं भी अवरोध उत्पन्न न हो.

बैठक में भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, गुरमीत सिंह, भगत सिंह, विजय शर्मा, शकील अहमद, मेराज खान, गुल्लू चौधरी, मोहम्मद अफजल, निसार आलम, रतिलाल महतो, डब्लू बाउरी, दिल मोहम्मद, आनंद कुमार सिंह, एजाज अहमद, राजेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप नारनोली, मोहम्मद तबरेज, पिंटू कुमार तुरी, मोबिन अंसारी, अजीत कुमार मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने अपने - अपने सुझाव व्यक्त किए. सदस्यों ने खतरनाक करतब दिखाने से परहेज करने, जुलूस के दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों का एक वाट्सएप ग्रुप बनाने, पानी एवं बिजली की सुचारू आपूर्ति करने, बंद स्ट्रीट लाइट चालू कराने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक के साथ एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सड़क की मरम्मत कराने सहित अन्य सुझाव दिए.

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के अलावा सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी राम नारायण, सभी विभागों के पदाधिकारी, डीएसपी शंकर कामती, धीरेंद्र नारायण बंका, सुमित कुमार, नौशाद आलम, अरविन्द कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

## सड़क हादसे में तीन की मौत, दो घायल



शुभम संदेश। बेंगाबाद (गिरिडीह)

गिरिडीह-मधुपुर मुख्य मार्ग एनएच-114 पर दामोदरडीह के समीप मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं. हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया. मृतकों की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के जंगरीडीह गांव निवासी लिलो तुरी उर्फ नीलकंठ तुरी, छोटू तुरी (46 वर्ष) और राजन तुरी (22 वर्ष) के रूप में की गई है. वहीं गंभीर रूप से घायल दो महिलाएं संगीता देवी और सोनी देवी को गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना की खबर फैलते ही जंगरीडीह गांव में मातमी सन्नाटा छा गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है.


#### आषाढ़ी पूजा से लौट रहे थे घर

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को जंगरीडीह गांव के एक ही परिवार के सदस्य आषाढ़ी पूजा में शामिल होने के लिए बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर आए थे. पूजा संपन्न करने के बाद देर रात सभी लोग एक कार में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे. इसी दौरान दामोदरडीह के पास उनकी कार एक सीमेंट लदे ट्रक से टकरा गई. बताया गया कि गिरिडीह की ओर से मधुपुर की ओर जा रहे सीमेंट से भरे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से आ रही कार का चालक नियंत्रण खो बैठा और कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई.

(शेष पेज-11 पर)

## सिनीडीह में बिना अनाज दिये अंगूठा लगवाने पर हंगामा

शुभम संदेश। मधुबन



कार्डधारियों ने कहा- वरीय पदाधिकारी के आकर करेंगे जांच, तभी खुलेगा ताला

बाघमारा प्रखंड अन्तर्गत सिनिडीह पंचायत में संचालित जन वितरण प्रणाली के एक दुकानदार पर ग्रामीणों ने बिना राशन दिए ही अंगूठा लगवाने और हस्ताक्षर कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. हंगामे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जन वितरण की दुकान पर ताला जड़ दिया है. ग्रामीणों का कहना है कि यह ताला तभी खुलेगा जब बाघमारा प्रखंड के प्रखंड पदाधिकारी आकर इस दुकान की जांच करेंगे.

सिनिडीह पंचायत में संचालित जन वितरण प्रणाली डीलर बीना मुंडा पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिना राशन दिये मशीन में अंगूठा लगाने व राशन प्राप्ति रजिस्टर में हस्ताक्षर करा लिया गया है. जबकि, विभागीय अधिकारी द्वारा कहा गया था कि जून, जुलाई व अगस्त तीन माह का अनाज इसी माह 30 जून तक कार्डधारियों के बीच वितरण करना है. जबकि अभी तक लगभग 700 कार्डधारियों में केवल 119 कार्डधारियों को ही जून महीने का राशन मिला है और सभी से अंगूठा लगवा लिया गया है. हमलोगों को यह आशंका है कि अनाज की कालाबाजारी की जाएगी.

झारखंड शराब घोटाला

### प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में 70 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है. बुधवार को एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है. विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं. एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है. यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गई आठवीं गिरफ्तारी है.

## डुमरी में डायरिया का कहर, एक ही टोला के 16 ग्रामीण बीमार

शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)

चैनपुर पंचायत अंतर्गत कसमाकुरहा गांव में मंगलवार रात डायरिया ने कहर बरपाया, जिससे एक ही टोला के करीब 16 ग्रामीण इसकी चपेट में आ गए. पीड़ितों को परिजनों और ग्रामीणों द्वारा डुमरी रेफरल अस्पताल तथा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. डुमरी रेफरल अस्पताल में इलाज के दौरान तीन मरीजों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य का उपचार डुमरी रेफरल अस्पताल में किया गया. हालत में सुधार होने के बाद अधिकतर मरीजों को छुट्टी दे दी गई, वहीं दो मरीजों का इलाज अब भी निजी अस्पताल में चल रहा है.



(शेष पेज-11 पर)

## शिबू सोरेन झारखंड की आत्मा उनके लिए प्रार्थना करें : राज सिन्हा

- नई दिल्ली में झारखंड के सीएम से की भेंट, लिया गुरूजी का हाल

शुभम संदेश। धनबाद

नई दिल्ली में धनबाद विधायक राज सिन्हा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की. इस भेंट के दौरान उन्होंने झारखंड के गौरव, आदिवासी समाज के पुरोधा, राज्य निर्माण आंदोलन के अग्रणी नेतृत्वकर्ता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की. उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड की आत्मा हैं. उन्होंने अपना पूरा जीवन झारखंड की पहचान, अधिकार और आदिवासी समाज के सशक्तिकरण के लिए समर्पित किया है.

(शेष पेज-11 पर)



### मुंबई में आयोजित संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद

## ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं, मिलकर पूरा करेंगे : ढुलू

- कहा-उर्जा के क्षेत्र में मिलेगा स्थानीय युवाओं के लिए भी बड़े पैमाने पर रोजगार

शुभम संदेश। धनबाद



सांसद ढुलू महतो ने मुंबई में आयोजित संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे में भाग लिया. इस अवसर पर कोल इंडिया, नेयवेली लिग्नाइट और सेल जैसी देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही. बैठक में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें कोयला उत्पादन, ऊर्जा की आपूर्ति, पारंपरिक और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का समन्वय जैसे मुद्दे शामिल थे. सांसद ढुलू महतो ने कहा कि इन विषयों पर ठोस और दूरदर्शी नीति निर्माण से देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई गति मिलेगी.

बैठक के दूसरे सत्र में सांसद ढुलू महतो ने इंडियन ऑयल, गेल, ओएनजीसी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम जैसी प्रमुख सार्वजनिक तेल और गैस कंपनियों के चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया. इस दौरान सांसद महतो का इन प्रतिष्ठित संस्थानों के शीर्ष नेतृत्व एवं अधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से स्वागत और सम्मान भी किया गया.

(शेष पेज-11 पर)

## उधना-धनबाद स्पेशल ट्रेन अब 28 सितंबर तक

### सांसद की पहल पर विशेष ट्रेन को मिली विस्तारित मंजूरी

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के यात्रियों के लिए राहतभरी खबर सामने आई है। पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई जा रही डिमांड पर आधारित विशेष ट्रेन 09039/09040 उधना-धनबाद-उधना स्पेशल ट्रेन की सेवाओं को अब आगामी 26 सितंबर 2025 (उधना से) और 28 सितंबर 2025 (धनबाद से) तक के लिए विस्तारित कर दिया गया है. यह महत्वपूर्ण निर्णय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश एवं धनबाद के सांसद ढुलू महतो के लगातार प्रयासों का प्रतिफल है. इस विशेष ट्रेन को पहले केवल ग्रीष्मकालीन विशेष (समर स्पेशल) के रूप में सीमित अवधि तक चलाने की योजना थी परंतु धनबाद से मुंबई-गुजरात की ओर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ और स्थानीय मांग को देखते हुए सांसद महतो ने रेलवे बोर्ड से इस रूट पर स्थायी सुविधा बनाए रखने की अपील की थी.

▼ ब्रीफ खबरें

## विहिप, बजरंग दल का सेवा सप्ताह प्रारंभ

**कतरास।** धनबाद महानगर अन्तर्गत कतरास प्रखंड के सूर्य मंदिर परिसर में बजरंग दल के सेवा सप्ताह का शुभारंभ हुआ. विभाग मंत्री राजेश दुबे ने बताया की 1 जुलाई से 7 जुलाई तक बजरंग दल का सेवा सप्ताह जिले में चलेगा. इसके निमित्त संगठन की ओर से पूरे प्रखंडों में पौधरोपण का कार्यक्रम होगा. साथ ही संगठन की ओर से सेवा बस्तियों में नेत्र जांच, रक्त जांच, मधुमेह जांच जैसी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. कार्यक्रम में प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख विक्की सिंह, धनबाद महानगर मंत्री सुनील कुमार, बजरंग दल महानगर सह संयोजक तापस कुमार दे, विहिप उपाध्यक्ष मुजेश सोनी, बजरंग दल प्रखंड संयोजक दीपक साहू, सह संयोजक गोलू लहरी, राजू दास, दीपक गुप्ता, निराज रवानी,राज कुमार,राजु दासऔर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## प्रधान शिक्षकों की मासिक बैठक संपन्न

**कुमारधुबी।** एग्यारकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रावि, मवि एवं उवि के प्रधान शिक्षकों की मासिक बैठक हुई. बीईईओ अशोक कुमार पाल ने कहा कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को साक्षर करना है. महत्वपूर्ण जीवन कौशल और व्यवसायिक कौशल प्रदान करना है. शिक्षकों को इसके लिये सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया. ई-विद्या वाहिनी में शिक्षक उपस्थिति, छात्र उपस्थिति, रेल प्रोजेक्ट, जर्जर भवन को तोड़ने आदि का निर्देश दिया गया. स्कूल परिसर, वर्ग कक्ष, पेयजल स्रोत, शौचालय की नियमित साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये.पौधरोपण को जिन स्कूलों को पौधे की जरूरत है वो मांग पत्र दें. बैठक में शिक्षक प्रमोद कुमार झा, राजीव रंजन मिश्रा , उमाशंकर राम, कन्हैया सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, बसंती मरांडी आदि थे.

## भाकपा माले की यात्रा पहुंची चंद्रपुरा

**महुदा/दुग्दा।** भाकपा माले बोकारो द्वारा निकाला गया मज़दूर संघर्ष संदेश यात्रा रथ चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा गोलाई पहुँचा. मज़दूर संघर्ष संदेश यात्रा रथ के साथ चल रहे भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा की. अध्यक्षता भाकपा माले चंद्रपुरा प्रखंड सचिव अंगेश कुमार सिंह और संचालन मो. सईद ने किया. नुक्कड़ सभा को भाकपा माले राज्य कमेटी के सदस्य भुनेश्वर केवट और दिलीप कुमार तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार मज़दूर विरोधी, किसान विरोधी कार्य कर रही हैं. आगामी 9 जुलाई को अखिल भारतीय हड़ताल आहूत है.

## तेलो में व्यापार संघ का गठन

**महुदा/चंद्रपुरा।** तेलो में स्थानीय व्यवसायियों की बैठक अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई. व्यवसासियों की प्रमुख समस्यायों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से व्यवसायियों, दुकानदारों के हित व उनको संगठित करने के लिए झारखंड ऑफ कामर्स व्यापार संघ का गठन किया गया. जिसमें ईश्वर प्रसाद कसेरा व कुलदीप कुमार वर्मा संरक्षक, अनूप कुमार बरनवाल सलाहकार, लीला चंद महतो अध्यक्ष, गणेश कुमार वर्णवाल कार्यकारी अध्यक्ष, शुभ प्रसाद बरनवाल उपाध्यक्ष, विजय शर्मा सचिव, विजय कुमार बरनवाल उप सचिव व गोपाल प्रसाद बरनवाल कोषाध्यक्ष चुने गए. वहीं राजेश कुमार, राहुल कुमार, राजेश चंद्र मंडल, बीरु महतो, समीर कुमार, भोला प्रसाद बरनवाल व सतीश सहित 21 कार्यकारणी सदस्य बनाए गए.

# गैर आबाद जमीन पर भू-माफिया कर रहे कब्जा

## ग्रामीण सीओ से लगा चुके हैं गुहार, कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश

**शुभम संदेश। कुमारधुबी**

प्राथमिक मुंडापाड़ा स्कूल के पास खाली पड़ी गैर आबाद 138 नंबर खाते की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है. फर्जी कागजात के जरिये उक्त जमीन को प्लाटिंग कर ऊंची कीमत पर बेची जा रही है. पास ही रहने वाले एक दबंग ने अंचल कर्मियों की मिली भगत से सरकारी 6.25 एकड़ जमीन अपने नाम कर ली है. इस भू भाग को प्लाटिंग कर पूर्व में भी जमीन बेची गयी है. कई आलीशान मकान भी बन चुके हैं. रेलवे से विस्थापित भूमिहीन ग्रामीण सामूहिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर उक्त जमीन को भू-माफिया से बचाने की गुहार भी सीओ से लगा चुके हैं. बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन को सरकारी जमीन चिन्हित कर बोर्ड लगाना चाहिये. पीएम व अबुआ आवास के लिये उन्हें जमीन आवंटित नहीं की जा रही है. जबकि पैसे वाले उक्त जमीन को भू माफिया से खरीद घर बना रहे हैं. निर्माण पर रोक लगनी चाहिये. बता दें कि हल्का कर्मचारी ने जांच कर उक्त जमीन को गैर आबाद खाते की जमीन बतायी है. बावजूद उक्त जमीन पर अवैध निर्माण हो रहा है. सीओ कृष्ण कुमार मरांडी ने कहा कि कर्मचारी को भेज काम रुकवाया जायेगा. सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व खरीद बिक्री करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी.





# महुदा सब्जी पट्टी की पांच दुकानों में लगी भीषण आग

## लाखों के सामान जलकर राख, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने दिया मुआवजे का आश्वासन





**शुभम संदेश। महुदा**

महुदा बाजार स्थित सब्जी पट्टी में मंगलवार की देर रात शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण पांच दुकानों में हजारों की नगदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया. अग्निशमन विभाग के पहुंचने से पूर्व ही सभी दुकानें जलकर राख हो चुकी थी. यहां भरत लाल पंडित की दुकान में रखे 22 हजार नगद तथा 25,0000/ पत्तल, गलास एवं अन्य सामान, अखिलेश रजक की खैनी दुकान, शुकर महतो एवं मन्नु सिंह का सब्जी दुकान तथा रुबी देवी का चना भूंजा की दुकान शामिल है. लोगों ने बताया कि रात्री 9 बजे सभी दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर घर चले गये. दो घंटे बाद यानी रात्री 11 बजे के करीब हमलोगों ने देखा कि दुकान के पीछे से धुंआ उठ रहा है. पानी छिड़क कर आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग फैल गया. थोड़ी देर में ही आग बेकाबू हो गया और इन पांच दुकानों को चपेट में ले लिया. तब लोगों ने फोन से महुदा पुलिस को इसकी सूचना दी.
पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दमकल को बुलाया गया. करीब एक घंटा बाद दमकल पहुंची और आग बुझाया. तबतक इन पांचों दुकानों में रखे नगदी और सामान जल कर राख हो चुके थे. घटना की सूचना पाकर जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह बुधवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे और दुकानदारों से मिले. उन्होंने बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को घटना की सूचना दी.उन्होंने दुकानदारों को उचित मुवाअजा दिलाने का अश्वासन दिया है. बता दें कि यह दुकानदार रोजमर्रा की सामान बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे थे, आग लगने के कारण इनकी पूंजी ही खत्म हो गई. आगे क्या करेंगे, यह सोच कर उक्त पांचों दुकानदार और उनके परिवार वाले परेशान हैं.

## कांड्रा सचिवालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

**महुदा।** बाल विकास परियोजना बाघमारा प्रखण्ड के अंतर्गत सेक्टर 12 के आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविका सहायिका और पोषण सखी का आंगनबाड़ी केन्द्र से सम्बंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण पंचायत सचिवालय कांड्रा में महिला पर्यवेक्षिका विनिता पोद्दार के द्वारा दिया गया. प्रशिक्षण में महिला पर्यवेक्षिका विनिता पोद्दार ने कहा कि आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल-खेल में मनोरंजन कराते हुए पढ़ना, लिखना, अक्षर और अंक का ज्ञान कराना, खेल में मिट्टी से खिलौना बनाने के लिए सीखाना, कलर की पहचान करना एवं बच्चों को संस्कार का ज्ञान कराना है. सेविका सहायिका और पोषण सखी को प्रतिदिन केन्द्र में बच्चों को अभ्यास कराना हैं. प्रोजेक्ट किलकारी के तहत बिना किसी लागत का या कम खर्च में बच्चों को सिखाना है. प्रशिक्षण में सेविका कलावती देवी, पूनम सिंह, कागजी देवी, निर्मला कुमारी, आतिया नाज, पर्वती देवी, अलका देवी, बबिता देती, गीता कुमारी, रजिया खातुन, सबनम आरा, रूपी देवी, गीता देवी, नमिता देवी, बबली रानी, अनिता देवी, रीता देवी, दुलाली देवी , के अलावे दर्जनों सेविका सहायिका पोषण सखी मौजूद थे .

## सरकार फंड मुहैया कराये अन्यथा होगा आन्दोलन : प्रखंड प्रमुख



**शुभम संदेश। गोमो**

तोपचांची प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख आनंद महतो की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हुई. बैठक में तोपचांची प्रखंड के 28 पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य मौजूद थे.बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख आनंद महतो ने कहा कि सरकार द्वारा पंचायतों में फंड आवंटित नहीं किए जाने के कारण पंचायत में विकास का कार्य बंद पड़ा हुआ है. इसके कारण पंचायत की जनता पंचायत प्रतिनिधियों को निकम्मा समझ रही है. उन्होंने कहा कि हक और अधिकार के खिलाफ आंदोलन करना आवश्यक है.सरकार फण्ड मुहैया कराये अन्यथा आन्दोलन पर मजबूर होना पडेगा. मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता,चेता ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लाल चन्द महतो ने कहा सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. पंचायतों में विकास थम गया है, सरकार द्वारा राशि नहीं मिल रही है. सरकार राशि नहीं देगी तो आगे की रणनीति बना कर धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर अनशन शुरू करेंगे. बैठक में उप प्रमुख हेमलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य शंकर पाण्डेय, राम चन्दर ठाकुर, नौशाद अंसारी, मुखिया सीता राम महतो, मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र पाण्डेय, लालूडीह के फरीद अंसारी, हफिज अंसारी आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे.

# एसजीडी मोडर्न स्कूल में स्पेल बी प्रतियोगिता संपन्न

**शुभम संदेश। चिरकुंडा**




एसजीडी मोडर्न स्कूल में बुधवार को तीन दिवसीय स्पेल बी प्रतियोगिता का समापन हुआ. स्कूल के प्राचार्य जुबीन बोस व उप प्राचार्या जॉली दत्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी हाउस के आधार पर इस प्रतियोगिता में भाग लिया.प्रतियोगिता का आयोजन कक्षाओं एलकेजी- यूकेजी, 1-2, 3-5, 6-8 और 9-12 के बीच किया गया. प्रतियोगिता में चित्र आधारित प्रश्न, ऑडियो राउंड, शब्द निर्माण, रैपिड फायर आदि जैसे कई राउंड शामिल थे. कार्यक्रम के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई.
प्री-स्कूलमें एलकेजी - यूकेजीः विजडम हाउस के एमडी अर्शमान और आराध्या सदाशिव विजेता रहे. कक्षा 1-2 में इंटीग्रिटी हाउस के अश्मिता बनर्जी और समीक्षा विजेता हैं. कक्षा 3-5 में विजडम हाउस के श्रेया कुमारी, उत्तम तंतुबाई और अनन्या कुमारी विजेता हैं. कक्षा 6-8 में विजडम हाउस कृष्ण कुमार, अभिनष चंद्र घोष और हर्ष बर्नवाल विजेता हैं. कक्षा 9-12 में जस्टिस हाउस श्रुति कुमारी, तकवीम आलम, श्रेया सिंह और आकाश प्रसाद विजेता हैं. छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

न्यूज अपडेट

## निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता रहें तैयार



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के तालडांगा जीटी रोड में मार्क्सवादी लेनिनवादी लिबरेशन( भाकपा माले ) कार्यालय का विधायक अरूप चटर्जी ने उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चिरकुंडा को शहरी क्षेत्र बने 17 साल हो गए हैं, लेकिन यहां के निवासियों को मिलने वाली सुविधाएं अभी तक नहीं मिली हैं. चटर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जाति और धर्म के नाम पर वोट लेते हैं, लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं करते. उन्होंने कहा कि एक दशक बीत जाने के बाद भी चिरकुंडा की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है.चटर्जी ने कार्यकर्ताओं से झारखंड में जल्द होने वाले नगर निकाय चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जाने का आह्वान किया. उन्होंने जोर देकर कहा कि भाकपा माले सिर्फ वादे नहीं, बल्कि विकास करके दिखाएगी. कार्यक्रम के दौरान दर्जनों युवाओं और महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. विधायक अरूप चटर्जी ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का झंडा देकर उनका स्वागत किया. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस नए कार्यालय के खुलने से शहरी क्षेत्र में पार्टी मजबूत होगी, क्योंकि पहले इस क्षेत्र में पार्टी का कोई कार्यालय नहीं था और यह क्षेत्र पार्टी के लिए कमजोर माना जाता था, कार्यालय खुलने से निश्चित रूप से पार्टी मजबूत होगी.

## हिंदी ओलंपियाड में राजकमल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धनबाद।** राज्य स्तरीय सिल्वर जोन हिंदी ओलंपियाड में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार धनबाद के छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर पदक जीते. वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने इन छात्रों को पदक पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया. इस क्रम में उन्होंने कहा कि सफलता के लिए नियमित प्रयास आवश्यक है. प्राचार्य ने बच्चों का आत्मविश्वास जगाया एवं भविष्य में अच्छा करने के लिए प्रेरित किया.
इस प्रतियोगिता में मयंक कुमार एवं आदर्श को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ वहीं इन्हें गोल्ड मेडल मिला .काव्य कुश पुंज एवं राहुल कुमार को सिल्वर पदक मिले तथा युवराज ,रितेश रंजन एवं दीपक कुमार को कांस्य पदक प्राप्त हुए. इन सभी पदक प्राप्तकर्ता छात्रों को प्राचार्य ने सम्मानित किया. इस अवसर पर उप प्राचार्य मनोज कुमार ,प्रभारी कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, राकेश कुमार मिश्रा एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे.

## तोपचांची चौक में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान



**गोमो।** तोपचांची चौक पर बुधवार को एनएचएआई द्वारा उपायुक्त के आदेशानुसार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया. जेसीबी मशीन से एनएचरोड अतिक्रमण मुक्त कराया गया.एनएचएआई अधिकारी राज कुमार श्रीवास्तव और संदीप सिंह ने बताया कि धनबाद डीसी के आदेशानुसार तोपचांची थाना पुलिस की मदद से तोपचांची चौक में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है. दोनों ओर सर्विस रोड पर लगे दुकानों को हटाया जा रहा है. साथ ही रोड में रखे कचरे को भी साफ किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सर्विस रोड पर अतिक्रमण व गंदगी फैलाने को लेकर पूर्व में चेतावनी दी थी. इसके बावजूद भी स्थानीय लोग नहीं मान रहे हैं. अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं. मौके पर आगम राम,पीएल मुर्मु,बादल बाउरी,मनोरंजन मल्लिक,हरेन्द्र सिंह,पृथ्वी राज सिंह,श्रीकांत सिंह,संतु चटर्जी,बरूण दे,अमरेश चक्रवर्ती,राजू अंसारी,लक्ष्मण प्रसाद,रामनारायण मेहता,रामजी यादव,सोनू मिश्रा,मनोज राउत,राजू राय आदि थे.

## तेलमच्चो पैक्स लिमिटेड ने मनाया स्थापना दिवस



**महुदा।** तेलमच्चो पैक्स लिमिटेड बैंकिंग व्यवसाय तेलमोच्चो का बुधवार को 25वां स्थापना दिवस पैक्स कार्यालय परिसर में समारोह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी, रोकड़पाल शिबु महतो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. समारोह को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि तेलमच्चो पैक्स वर्ष 1978 से ही यहां कार्य कर रही है. बैंकिंग व्यवसाय की शुरूआत यहां वर्ष 2001 में हुई. तब से लेकर वर्तमान समय तक पैक्स इस क्षेत्र के किसानो एवं अपने उपभोक्ताओ की सेवा में तत्पर है. सरकार की कृषि संबधी योजनाओं का लाभ भी इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को यहां से मिलता है. रोकड़पाल शिबु महतो ने कहा कि को-ओपरेटिव पैक्स के माध्यम से किसानों को कई तरह के फायदे होते हैं. ये किसानों को ऋण, वित्तीय सेवाएं, कृषि उपज के विपणन एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देते हैं. मौके पर पुर्व अध्यक्ष मुरारी मोहन सिंह, सीता देवी, आशा देवी, प्रमिला देवी, जितनी देवी, ललिता देवी, सपन कुमार तिवारी, मनबोध देशवाली, किशोर कुमार, ध्रुव नारायण दुबे, कुणाल सिंह, भागीरथ सिंह, गोपाल चंद्र दुबे, कन्हाई महतो, जगदंबा महतो, बुधन महतो आदि मौजूद थे.

## सतर्कता : मुहर्रम की तैयारियों में जुटी थानों की शांति समितियां

# अफवाहों से बचें और प्रशासन को सहयोग करें

## निर्धारित रूट का पालन करें अखाड़ा दल

**शुभम संदेश। कतरास**

मुहर्रम को लेकर कतरास थाना क्षेत्र के भंडारीदाह समुदायिक भवन में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने त्योहार के दौरान सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की. ताजिया की ऊंचाई, मार्ग निर्धारण और समय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही जुलूस के समय विद्युत आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय भी लिया गया. थाना प्रभारी ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह से बचें और प्रशासन को सहयोग करें. अखाड़ा दल के सदस्यों ने भीड़ भाड़ वाले जगहों पर पुलिस की तैनाती, लाइट की व्यवस्था, साफ सफाई कराने की मांग रखी. थाना प्रभारी ने लाइसेंसी अखाड़ा दल को रूट चार्ट के अनुसार ही अखाड़ा निकालने का निर्देश दिया. बैठक में हरि प्रसाद अग्रवाल, राजेश स्वर्णकार, चुन्ना यादव, मो निशार खान, श्यामाकान्त गुप्ता, प्रिंस शर्मा, मो मंजर आलम, इम्तियाज खान, जितेश रजवार, दिलीप दसौंधी, मुकेश भट्ट, शौकत खान, कमलेश सिंह, महेश पासवान, रामबचन पासवान, सूरज देव मिश्रा आदि उपस्थित थे.

### प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करना जरूरी

**चासनाला।** मुहर्रम पर्व को लेकर सुदामडीह थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की एक बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह व संचालन समाज सेवी मौसम महंती ने की. जोरापोखर अंचल निरीक्षक आशुतोष कुमार ने कहा कि तय रूट से ही आने जाने की छूट होगी. जिला प्रशासन की गाइड लाइन पालन करते हुए. मुहर्रम पर्व को शांति पूर्ण मनाने की अपील की है. अखाड़ा के दौरान आग के खेल, ट्यूब फोड़ने को खेल में प्रदर्शन नहीं किया जाएगा. कहा की किसी भी शरारती तत्वों के बहकावे में आकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाही की जाएगी. मौके पर एसआई मो अफरोज,के अलावे शांति समिति के सदस्यों में केशर सिंह,राम नाथ सिंह,राज कुमार रवानी,पूनम देवी, बीके साहू आदि उपस्थित थे.

### डीजे और खतरनाक खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध

**चिरकुंडा।** मुहर्रम पर्व को लेकर चिरकुंडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी रामजी राय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में निचे बाजार, फकीर मोहल्ला, सोनार डंगाल और तालडांगा के अखाड़ा संचालक सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे. बैठक में शराब पर रोक, भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण, बिजली-पानी और सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई. थाना प्रभारी ने बताया कि डीजे और खतरनाक खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से दूर रहने और संदिग्ध जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की गई. सभी जुलूस निर्धारित समय और मार्ग से ही निकलेंगे तथा सभी लाइसेंसधारकों को थाना में अपना संपर्क नंबर जमा करना होगा. बैठक में माणिक लाल गोराई, नजरुल इस्लाम, काजल चक्रवर्ती, वरुण दे, फिरोज अंसारी, फिरोज खान, मो. टीपू, कयूम अंसारी, मोइज खान, मो. सिराज, बाबू खान, मो. जुबेर, विश्वनाथ मुखर्जी, कुज बिहारी, शशिभूषण तिवारी, गोपाल सिंह, बापी सेनगुप्ता, गुड्डू हैदर, सुनीता सिंह, सुनीता देवी, मो. फारुख, जियाउद्दीन शाह, शेरू खान, मो. जाहिद, समेत कई लोग मौजूद थे.

# जिप, पंचायत, वार्ड सदस्यों ने सरकार पर लगाए आरोप

## जनकल्याणकारी विकास कार्यों के लिए आवंटन बंद किए जाने से नाराज

**शुभम संदेश। टुंडी**

मंगलवार को टुंडी प्रखंड सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुने गए जनप्रतिनिधियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता टुंडी प्रमुख मालती मरांडी ने की. बैठक में टुंडी के जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं विभिन्न वार्ड सदस्यों ने भाग लिया. प्रतिनिधियों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की. जनप्रतिनिधियों का कहना था कि सरकार उन्हें हाशिये पर धकेल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में 15वें वित्त आयोग से मिलने वाले जनकल्याणकारी विकास कार्यों के लिए आवंटन बंद कर दिया गया है. पंचायतों में विकास कार्यों को जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से किया जाना था, परंतु अब वह विकल्प भी समाप्त होता दिख रहा है.
प्रतिनिधियों ने बताया कि पहले पेंशन, अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं में मुखिया की अनुशंसा आवश्यक होती थी, लेकिन अब आवेदन प्रपत्रों से वह कॉलम हटा दिया गया है. इसके पहले ही पंचायत समिति और वार्ड सदस्यों के हस्ताक्षर की आवश्यकता समाप्त कर दी गई थी.
इस स्थिति को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों ने विरोध जताते हुए आगामी 9 जुलाई को धनबाद के टाउन हॉल से रणधीर वर्मा चौक तक आयोजित जिला स्तरीय विरोध मार्च की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया और पूर्ण समर्थन देने की बात कही.
बैठक में प्रमुख रूप से प्रमुख मालती मरांडी, जिला परिषद सदस्य मीना हेम्ब्रम, मुखिया विजय मंडल, आशा मुर्मू, रेखा देवी, जय नारायण मंडल, पंचायत समिति सदस्य षष्ठी मंडल, भगीरथ महतो, प्रकाश मुर्मू, असद कलीम, गोपाल पाल, आज़ाद अंसारी, दिनेश मुर्मू, इलियास अंसारी और अनवर अंसारी उपस्थित थे.

## भतुआ मौजा की भूमि के मूल्य निर्धारण को लेकर बैठक

### अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर योजना अंतर्गत बोकारो जिले के भतुआ मौजा में प्रस्तावित है मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर

शुभम संदेश। बोकारो



अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर योजना के अंतर्गत बोकारो जिले के भतुआ मौजा में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आइएमसी) के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि के मूल्य निर्धारण को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक बोकारो परिसदन में आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय आंजनेयुलू दोड्डे ने की. बैठक में बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी, बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा, निदेशक उद्योग विशाल सागर, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक टाउनशिप कुंदन कुमार, महाप्रबंधक एके सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सब रजिस्टार सौरव कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में भतुआ मौजा में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आइएमसी) परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता, न्यायसंगत मुआवजा राशि निर्धारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. भूमि दर निर्धारण में स्थानीय बाजार मूल्य और वर्तमान दर सूची को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जाने की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया. निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने बीएसएल प्रबंधन को एस सप्ताह में संबंधित प्रस्तावित अधिग्रहण कि जाने वाली 740 एकड़ भूमि का मूल्य निर्धारण कृषि, उद्योग एवं वाणिजिक प्राकृति के अनुरूप निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार करने. वहीं, जिला भू अर्जन कार्यालय बोकारो को भी पिछले तीन वर्षों में हुए भूमि निबंधन का औसत मानते हुए 740 एकड़ भूमि का कृषि, उद्योग एवं वाणिजिक प्राकृति मूल्य निर्धारण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा. अगली बैठक में संबंधित भूमि का मूल्य निर्धारण किया जाएगा. मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना से न केवल बोकारो जिले को औद्योगिक दृष्टिकोण से नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय क्षेत्र का विकास व्यापक स्तर पर होगा और रोजगार के कई नये अवसर प्राप्त होंगे.

## झामुमो ने पीडीएस घोटाले की जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)



झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत राम ने जमुआ प्रखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कथित घोटाले को लेकर गिरिडीह उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा है. यह ज्ञापन जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, जमुआ बीडीओ, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी एवं गोदाम प्रबंधक को भी प्रेषित किया गया है. ज्ञापन में बताया गया है कि जिला आपूर्ति विभाग द्वारा जून, जुलाई और अगस्त तीन माह के लिए खाद्यान्न आपूर्ति के आदेश जारी किए जाने के बावजूद जमुआ प्रखंड की अधिकांश पीडीएस दुकानों तक अनाज की डिलीवरी नहीं की गई है. आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि केवल एक महीने का राशन भेजा गया और शेष दो महीनों के लिए बिना वास्तविक आपूर्ति के ही ऑनलाइन वितरण दिखा दिया गया. इससे कालाबाजारी की आशंका जताई गई है. रंजीत राम ने कहा कि 25 पंचायतों में राशन भेजे बिना वितरण की खानापूर्ति कर दी गई है, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि दो माह का बकाया राशन अब तक वितरित नहीं किया गया, जबकि संबंधित मंत्री के निर्देश के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है. झामुमो प्रखंड कमिटी ने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने और जनवितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभुकों को यथाशीघ्र अनाज उपलब्ध कराने की मांग की है. साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो झामुमो जमुआ प्रखंड में उग्र विरोध प्रदर्शन करेगा.

### ब्रीफ खबरें

#### स्क्रैप पॉलिसी को लेकर डीटीओ से मिले अमित

**बोकारो।** झारखंड में पुराने वाहनों के लिए राज्य स्तर पर परिवहन विभाग द्वारा स्क्रैप पॉलिसी बनाने हेतु पहल करने की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित बोकारो के जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर से मिले. कुमार अमित ने डीटीओ से मिलकर कहा कि पुराने वाहनों के लिए सरकार द्वारा स्क्रैप पॉलिसी बनाने से जहां सभी वाहन मालिकों को लाभ होगा, वहीं सरकार को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी और सड़कों पर पुराने वाहनों की संख्या में भी कमी आएगी. इसके लिए जिला पदाधिकारी को विभागीय पहल करनी चाहिए. इसके अलावा भाजपा नेता ने जिला परिवहन पदाधिकारी से बोकारो में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की. अमित ने कहा कि बोकारो जिले में विगत तीन वर्षों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि समाज के साथ-साथ प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय है. इस अवसर पर लालबाबू, गोविन्दा और सुरेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे.

#### कृषकों में केसीसी ऋण वितरण

**दुमका।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा दुमका में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर लोन मेला का आयोजन किया गया. इसमें विभिन्न समितियों के काफी संख्या में कृषकों ने भाग लिया. संयुक्त निबंधक संथाल पटना प्रमंडल, लुईस टोपो एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, कर्मवीर मेहता ने विभिन्न लैंपस समितियों के कृषकों के बीच केसीसी ऋण का वितरण किया. मौके पर उपस्थित सभी समिति के सदस्यों एवं कृषकों को समय पर ऋण भुगतान करने का सुझाव दिया गया और इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई. शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने व्यक्तिगत व्यवसायिक वाहन ऋण की जानकारी दी. इस कार्यक्रम में कृषकों के साथ-साथ सहयोग समितियों के सदस्य और सरसाजोल लैंपस लिमिटेड के संचालक ताजमहल अंसारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

#### मंत्री योगेंद्र के भाई के निधन पर शोक

**कसमार (बोकारो)।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के सबसे छोटे अनुज भरत कपूर के बुधवार सुबह हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में असामयिक निधन पर झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो के सभी सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है. इस दौरान शिक्षकों ने दो मिनट का मौन व्रत धारण कर परमात्मा से शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की. संकट की इस घड़ी में प्रार्थना करने वालों में संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा, संरक्षक डॉ. अजय कुमार पाठक, उपाध्यक्ष लालचंद रजक, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव डॉ. शक्ति पद महतो, भरत कुमार महतो एवं राजेश कुमार विश्वकर्मा, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, प्रवक्ता गौरव कुमार दुबे, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि उजमा सुल्ताना एवं संतोष कुमार सिंह, निवर्तमान उपाध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार झा, दिनेश चंद्र, कपिल देव ठाकुर, सृष्टिधर महतो, शक्ति सिंह, नितेश सोनी, अमर कुमार महतो, आदित्य अनुराग समेत अन्य सदस्य शामिल थे.

## मां-बेटा को बंधक बनाकर साढ़े तीन लाख की डकैती



शुभम संदेश। गांडेय (गिरिडीह)

ताराटांड़ थाना क्षेत्र के केनारी गांव में बीती रात चुरामन मंडल के घर अपराधियों ने डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम दिया. अपराधी घर से करीब साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य की नकदी और सामान लेकर फरार हो गए. पीड़िता लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि वह अपने आठ वर्षीय पुत्र दिव्यांश राज के साथ कमरे में सो रही थीं. आधी रात के करीब पांच की संख्या में अपराधी घर की छत का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए. अपराधियों के पास हथियार, रॉड और कट्टा था. उन्होंने हथियार दिखाकर डराया-धमकाया और चुप रहने की धमकी दी. इसके बाद अपराधियों ने अलमारी और बक्सा खोलकर करीब पांच हजार रुपये नकद, जेवरात, पीतल व कांसे के बर्तन सहित कुल मिलाकर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति लूट ली. घटना के बाद लक्ष्मी कुमारी ने अपने पति चुरामन मंडल को फोन कर जानकारी दी. उस समय वे पूजा कार्यक्रम में भाग लेने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महदेईया गांव गए हुए थे. घटना की सूचना मिलते ही ताराटांड़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद फोरेंसिक जांच टीम और टेक्निकल टीम को बुलाया गया है. मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. घटनास्थल पर गांडेय इंस्पेक्टर कमाल खान, गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह, और ताराटांड़ थाना प्रभारी सुशांत कुमार चिरंजीवी अपने-अपने दल-बल के साथ पहुंच कर साक्ष्य संकलन और छानबीन में जुटे हैं.



### होटल से अवैध शराब बरामद, संचालक गिरफ्तार





**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय थाना पुलिस ने मंगलवार रात गांडेय-अहिल्यापुर मुख्य मार्ग स्थित साईं होटल में छापेमारी कर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी गई अंग्रेजी शराब और बीयर की कई बोतलें बरामद की है. पुलिस ने होटल संचालक सच्चू रवानी उर्फ शंकर रवानी को गिरफ्तार कर लिया है. उसके खिलाफ 42/25 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को गिरिडीह जेल भेज दिया. थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि साईं होटल में शराब मंगवाई गई है. सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने दल-बल के साथ होटल में छापा मारा. छापेमारी के दौरान होटल से 43 बोतल बीयर और 6 बोतल व्हिस्की बरामद की गईं. कार्रवाई में एएसआई मणिलाल सिंह, रोशन सिंह सहित गांडेय थाना की पुलिस टीम शामिल थी.

#### नल जल कनेक्शन के लक्ष्य को जल्द पूरा करें: डीसी

**गोड्डा।** समाहरणालय में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त अंजली यादव ने जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना को लेकर आवश्यक आदेश दिए. समाहरणालय में आयोजित इस बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से अब तक की उपलब्धियों और कार्यान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई. उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत जिले के घरों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लक्ष्य और इसकी प्रगति पर चर्चा की. इसके बाद जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन, जल गुणवत्ता परीक्षण सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दें और ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जिले को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त की जा सके. उपायुक्त ने पेयजलापूर्ति योजनाओं के तहत विभिन्न कार्यों जैसे हर घर नल से जल, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया. सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाते हुए जलापूर्ति योजना के तहत सभी कार्य शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया.

### न्यूज अपडेट

#### जुलूस के मार्ग में नहीं होगा परिवर्तन : एसडीओ

**डुमरी।** मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रभारी एसडीओ जीतराय मुर्मू एवं संचालन अंचल अधिकारी शशिभूषण वर्मा ने किया. प्रभारी एसडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि अखाड़ा व जुलूस संचालक पूर्व में जारी लाइसेंस अनुसार ही निर्धारित रूट चार्ट का पालन करेंगे. किसी भी अखाड़े या जुलूस के मार्ग में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा. साथ ही डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. उन्होंने अखाड़ा कमिटियों से कहा कि जुलूस एवं अखाड़ों की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य रूप से कराएं. एसडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि जुलूस में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा और मुहर्रम हर हाल में प्रेम व भाईचारे के साथ मनाया जाएगा. एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने कहा कि मुहर्रम के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी. शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मोहर्रम का ताजिया जुलूस 6 जुलाई को निकलेगा. बैठक में दोनों समुदायों के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे. इस दौरान एसडीपीओ सुमित प्रसाद, पीरटांड़ बीडीओ मनोज मरांडी, निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार, डुमरी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल, मधुबन थाना प्रभारी संजय यादव, खुखरा थाना प्रभारी निरंजन कच्छप, पीरटांड़ प्रखंड प्रमुख सबीता टुडू, भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल, झामुमो नेता बरकत अली एवं राजकुमार पांडे, आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल, मुखिया खेमलाल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे. इधर मुहर्रम को लेकर निमियाघाट थाना में भी शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए.

#### मुखिया पति पर दुष्कर्म और गर्भपात का आरोप

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र स्थित एक पंचायत के मुखिया पति पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया गया है. पीड़िता ने इस मामले को लेकर राधानगर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. मामला राधानगर थाना क्षेत्र के मध्य पियारपुर पंचायत का है. पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि एक वर्ष पूर्व 25 जून 2024 को मुखिया पति मासिउर रहमान उर्फ भोदु ने शादी का झांसा देकर उनके साथ यौन संबंध बनाए. महिला ने आरोप लगाया कि वह पहले से शादीशुदा थी, फिर भी मासिउर शेख ने उसे शादी का प्रलोभन देकर उसे उसके पति से तलाक दिलवाया और कई बार होटल और घरों में यौन संबंध बनाए. इसके बाद महिला गर्भवती हो गई और मासिउर शेख ने उसे गर्भपात कराने के लिए दबाव डाला. पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब शादी की बात कही तो 28 फरवरी 2025 को राजमहल के नयाबाजार स्थित एक घर में उन्होंने शादी की, लेकिन सार्वजनिक रूप से उसे अपनी पत्नी स्वीकार नहीं किया. बीते 22 जून को जब पीड़िता ने मुखिया पति के साथ उनके घर जाने का प्रयास किया, तो उन्होंने उसे धक्का देकर भागने की कोशिश की और पत्नी कहने से इंकार कर दिया. इसके बाद पीड़िता ने 30 जून को राधानगर थाना में आवेदन दिया. हालांकि, चार दिन बीतने के बाद भी न तो प्राथमिकी दर्ज हुई है और न ही पीड़िता को कोई आश्वासन मिला है. अब पीड़ित महिला ने एसडीपीओ राजमहल और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है. इस मामले पर मुखिया पति मासिउर रहमान उर्फ भोदु ने कहा कि यह मामला पूरी तरह से निराधार है और सभी आरोप झूठे हैं. राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

#### फूड विभाग का तिसरी, गांवा में सघन जांच अभियान

**तिसरी (गिरिडीह)।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिले भर में संचालित मिठाई दुकानों पर फूड विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में बुधवार को विभाग की टीम ने तिसरी और गांवा में अभियान चलाकर कई होटलों और दुकानों का निरीक्षण किया. जांच के दौरान कुछ दुकानों में खाद्य रंग (खाने वाला कलर) का प्रयोग पाया गया. मिठाइयों के सैंपल लिए गए और दुकानदारों को लाइसेंस प्राप्त करने, दुकानों में स्वच्छता बनाए रखने तथा कर्मियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी (इंस्पेक्टर) पवन कुमार ने बताया कि तिसरी और गांवा के बाजारों में संचालित मिठाई दुकानों की लाइसेंसिंग और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई है. कुछ दुकानों में इंडस्ट्रियल कलर के उपयोग की शिकायत पाई गई, जिन्हें सख्त चेतावनी दी गई है. उन्होंने यह भी बताया कि मिठाई दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

#### सीएलएटी में हर्षवर्धन सिंह ने हासिल की 15वीं रैंक

**तलगड़िया (चंदनकियारी)।** चंदनकियारी प्रखंड के तलगड़िया निवासी ताराकांत सिंह के पुत्र हर्षवर्धन सिंह ने सीएलएटी 2025 (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए झारखंड की ईडब्लूएस श्रेणी में 15वीं रैंक प्राप्त की है. यह उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है. हर्षवर्धन सिंह ने अपनी प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा बोकारो स्थित दि पेंटाकोस्टल एसेंबली स्कूल से प्राप्त की. उन्होंने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 94.6% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी. अब उनका चयन भारत के प्रतिष्ठित विधि संस्थानों में से एक राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एनयूजेएस), रांची में हुआ है. यह संस्थान एनआईआरएफ 2024 की रैंकिंग में लॉ श्रेणी में 22वें स्थान पर है, जबकि क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में यह भारतीय लॉ स्कूलों में 7वें और दक्षिण-पूर्व एशिया में 12वें स्थान पर रहा है. हर्षवर्धन की इस सफलता से उनके परिवार, विद्यालय, शिक्षकों और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है. हर्षवर्धन सिंह बोकारो भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रखर राजनेता स्वर्गीय गोबर्धन सिंह के भतीजे हैं. साथ ही, वे धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज, जोन-4 के सक्रिय सदस्य ताराकांत सिंह के पुत्र हैं. हर्षवर्धन की इस उपलब्धि से समाज और गांव में हर्षोल्लास का माहौल है. राजपूत समाज की केंद्रीय समिति, जोनल इकाई एवं ग्रामीण कमिटी ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी है.

#### पावर सब स्टेशन पर आज अनशन करेंगे मुखिया

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** ओझाडीह जलापूर्ति योजना, जो भारत सरकार और राज्य सरकार की संयुक्त हर घर नल से जल योजना के तहत बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में संचालित है, बीते तीन महीनों से लो वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती की समस्या के कारण पूरी तरह ठप हो चुकी है. इससे ओझाडीह, छोटकी खरगडीहा और ताराटांड़ पंचायत के कुल 34 गांवों में लोगों को पीने के पानी के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है. इस योजना के तहत ताराटांड़ में एक पावर प्लांट और दो जलमीनार, ओझाडीह एवं छोटकी खरगडीहा स्थापित किए गए थे, जिनके माध्यम से इन गांवों में घर-घर नल से जल आपूर्ति की जानी थी. लेकिन बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं के कारण यह योजना पूरी तरह से चरमरा गई है. स्थानीय मुखिया कई बार विभागीय अधिकारियों को पत्राचार और मौखिक रूप से आग्रह कर चुके हैं, लेकिन लगातार उपेक्षा के चलते अब पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है. इसी क्रम में ओझाडीह, छोटकी खरगडीहा और ताराटांड़ पंचायत की मुखियाओं ने संयुक्त रूप से विभागीय और प्रशासनिक पदाधिकारियों को लिखित सूचना दी है कि 03 जुलाई 2025 को वे बेंगाबाद के घुठिया स्थित पावर सबस्टेशन पर सुबह 11:00 बजे से अनशन पर बैठेंगे.

## इंसाफ नहीं मिलने पर सपरिवार करेंगे आत्मदाह : राजकुमार दत्ता

### सरकार को दिया 10 दिनों का अल्टीमेटम



शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)

कसमार के चट्टी निवासी राजकुमार दत्ता उर्फ राजू दत्ता ने बुधवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि उनकी पत्नी निशा दत्ता की असामयिक मौत धनबाद के एसएनएमएमसीएच और रांची के रिम्स दोनों अस्पतालों की लापरवाही के कारण हुई है. वे इस समय अपनी पत्नी के श्राद्धकर्म में व्यस्त हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने धनसार और सरायढेला थाना में केस दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन दोनों थानों ने इस मामले में एफआईआर नहीं लिया. अब वे झारखंड सरकार की लचर व्यवस्था से त्रस्त हो चुके हैं. राजू दत्ता ने कहा कि यदि उन्हें पत्नी के श्राद्धकर्म के बाद 12 जुलाई तक न्याय नहीं मिला, तो वे अपने नवजात बेटे, चार साल की बेटी और बूढ़े-लाचार माता-पिता के साथ बोकारो उपायुक्त कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लेंगे.

## शातिर चोर गिरफ्तार, 11 साइकिलें और चोरी का सामान बरामद

शुभम संदेश। बोकारो



गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक चोर को चोरी की 11 साइकिलों और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है. बोकारो शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही घरों में चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हरबिंदर सिंह के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही थी और सूचनाएं एकत्र की जा रही थीं. इसी क्रम में दिनांक 01 जुलाई 2025 को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेक्टर-4/डी क्षेत्र में रेकी कर रहा है और किसी घर में चोरी की फिराक में है. इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल ने एक अपराधी सोनू उर्फ आलम अंसारी उर्फ बादशाह खान (उम्र लगभग 53 वर्ष), पिता स्व. अब्दुल लतीफ अंसारी, निवासी चेकपोस्ट चास, मंदिर के पीछे, थाना चास को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ और निशानदेही के आधार पर उसके पास से चोरी के सामान के साथ कुल 11 साइकिलें बरामद की गईं. बरामद सामानों में एक सोना जैसा मंगलसूत्र, एक सोना जैसी चेन, एक जोड़ा सोना जैसी बालियाँ, एक रेंजर साइकिल, जिस पर लाइफ लॉन्ग लिखा हुआ है (सेक्टर-4 थाना कांड संख्या 67/2025 में दर्ज चोरी की गई थी) अन्य 10 लावारिस साइकिलें शामिल हैं. गिरफ्तार सोनू उर्फ बादशाह खान का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है. छापामारी दल में आलोक रंजन पुलिस उपाधीक्षक, नगर, संजय कुमार पुनि सह थाना प्रभारी, सेक्टर-4, सुदामा कुमार दास पुनि सह थाना प्रभारी, बीएस सिटी थाना, पुअनि मुन्ना रमानी अनुसंधानकर्ता, पुअनि अवेन्द्र कुमार के साथ अनुसंधानकर्ता पुअनि विवेक प्रशांत, सअनि सीदन हांसदा अनुसंधानकर्ता, आरक्षी इलयास अंसारी, आरक्षी मुकेश कुमार राय, आरक्षी बब्लू गोप, आरक्षी अनिल कुमार सिंह शामिल थे. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और संभावना जताई जा रही है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर और भी चोरी के मामलों का खुलासा हो सकता है.

### डीपीएस बोकारो का मना 39वां स्थापना दिवस, सैकड़ों प्रतिभाशाली विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

## युवा संघर्ष को बनाएं अपनी ताकत: अजय नाथ झा

शुभम संदेश। बोकारो



आप युवा ही राष्ट्र की शक्ति हैं. आपके लिए कुछ भी असंभव नहीं है. भारत आपकी ओर टकटकी लगाए देख रहा है. अपनी रुचि के अनुसार आप सकारात्मक दिशा में अपनी ऊर्जा लगाएं तथा संघर्ष को अपनी पूंजी बनाते हुए राष्ट्र-निर्माण में सहयोग करें. केवल हासिल कर लेना ही सब कुछ नहीं है, रास्ता सही होना चाहिए. अपने अंदर की मनुष्यता बरकरार रखें और समाज के जरूरतमंदों, गरीबों, दबे-कुचलों की सेवा पूरे सम्मान और आदर के साथ करें. यह बातें जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने बुधवार को डीपीएस बोकारो के 39वें स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही. एआई के इस दौर में चुनौतियों की चर्चा करते हुए झा ने वेद और उपनिषदों की बातों को आज भी प्रासंगिक बताया. उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता सबको नहीं मिलती, लेकिन सफलता के रास्ते में किया गया हर एक प्रयास महत्वपूर्ण होता है. बच्चों को टूटने, बिखरने या हारने से बचना चाहिए. संघर्ष करना, जूझना और लड़ना ही उनकी ताकत है. उन्होंने बच्चों के बीच आकर प्रसन्नता व्यक्त की और डीपीएस बोकारो को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए इसके स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम की सम्मानित अतिथि, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने समाज और विद्यालय के प्रति कृतज्ञ रहें तथा उनके उत्थान में सहयोग करें. उन्होंने बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से बचने की भी सलाह दी. सम्मानित अतिथि, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता के पीछे शिक्षकों की मेहनत को सराहा और बच्चों को सदैव उनके सम्मान में प्रेरित किया. आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए स्कूल के स्थापना-काल से लेकर अब तक की प्रमुख उपलब्धियों और विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डाला. डॉ. गंगवार ने विद्यालय द्वारा निर्धन बच्चों के लिए संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र और निशुल्क महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र 'कोशिश' की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला. समारोह की शुरुआत में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका उद्घाटन किया. इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान, वाइस हेड गर्ल मानसी पांडेय का स्वागत संबोधन और विभिन्न वाद्ययंत्रों पर मनोहारी आर्केस्ट्रा प्रस्तुति दी गई. पुरस्कार वितरण के बाद, दीपांश शिक्षा केंद्र की पहली कक्षा के बच्चों को पोशाक वितरित की गई. मुख्य अतिथि ने सत्र 2024-25 के लिए मेधा सम्मान के तहत पढ़ाई, खेलकूद, सांस्कृतिक, कला-शिल्प, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, और पर्यावरण-मैत्री में उल्लेखनीय प्रदर्शन करनेवाले लगभग 50 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया. स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल भी पुरस्कृत हुए. खेल में झेलम, सांस्कृतिक क्षेत्र में रावी और अकादमिक्स में जमुना को बेस्ट हाउस का पुरस्कार मिला, जबकि रावी हाउस ने ओवरऑल बेस्ट हाउस का खिताब जीता. इसी क्रम में सम्मानित अतिथियों ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के टॉपरों और विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कुल 161 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. कार्यक्रम के दौरान, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया.

## ब्रीफ खबरें

### स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का विस्तार

**धनबाद।** यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु गाड़ी संख्या 02831/ 02832 धनबाद- भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है. नई व्यवस्था के अनुसार ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल 03 जुलाई 31 जुलाई तक प्रतिदिन चलेगी. गाड़ी संख्या 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल 4 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रतिदिन चलेगी. उपरोक्त विशेष ट्रेनों का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 02831/ 02832 धनबाद- भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा.

### हड़ताल की सफलता के लिए बीसीकेयू की नुक्कड़ सभा

**कतरास।** 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल सफल बनाने के लिए बीसीकेयू कतरास क्षेत्र कमेटी द्वारा बुधवार को नुक्कड़ सभा केशलपुर टू सिम में आयोजित की गई. इस दौरान मजदूर को साथ 9 जुलाई को होने वाले हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया.सभा की अध्यक्षता क्षेत्रीय कार्यकरी अध्यक्ष कार्तिक महतो ने की. माले नेता सुनील महतो ने कहा कि 9 जुलाई के देशव्यापी हड़ताल को मजदूर एकता से सफल करें क्योंकि वर्तमान सरकार मजदूर विरोधी कार्य करने में लगी है.

### धनबाद को मिला पहला किडनी हॉस्पिटल

**धनबाद।** जिले का पहला सुपर स्पेशलिटी किडनी हॉस्पिटल आम जनता के लिए शुरू हो गया है. इसका उद्घाटन प्रख्यात किडनी विशेषज्ञ डॉ. मिहिर ने किया. उन्होंने बताया कि भारत में 17% लोग किडनी संबंधी रोगों से पीड़ित हैं और इसका प्रमुख कारण डायबिटीज है. अस्पताल में 8 बेड वाला डायलिसिस यूनिट है, जहां 1800 में डायलिसिस सुविधा मिलेगी. यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप सिन्हा सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम यहां उपलब्ध रहेगी. अस्पताल में नियंत्रित डाइट, समय पर जांच और परामर्श की सुविधा भी दी जाएगी. जल्द ही टीपीए और आयुष्मान भारत योजना की सुविधा भी शुरू की जाएगी. अस्पताल का उद्देश्य है कि आसपास के जिलों के मरीजों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले और उन्हें बाहर न जाना पड़े.

# दहीबाड़ी सड़क में पड़ी दरार, ग्रामीण भयभीत

## प्रबंधन के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शुभम संदेश। पंचेत**



बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को जो सड़क दी गई है, उसमें दरारें पड़ गई हैं. दरारों के कारण ग्रामीण भयभीत हैं. जिसकी सूचना पाकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष विकास भंडारी एवं कलियासोल प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जलेश्वर मुर्मू मौके पर पहुंचे. नेता एवं ग्रामीणों ने बताया इस सड़क मार्ग से दर्जनों गांव के लोग रेलवे स्टेशन, शमशान, हाईवे आदि जाते हैं. इस सड़क से बच्चे स्कूल जाते हैं, अस्पताल जाते हैं, लेकिन प्रबंधन की मनमानी के कारण अब लोग आग और धुएं के बवंडर से गुजरने को मजबूर हैं. पहले ग्रामीणों के लिए पीडब्ल्यूडी की मुख्य सड़क थी, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन निजी लाभ को देखते हुए खदान के बीचोंबीच ग्रामीणों के लिए सड़क मार्ग दे दिया है. इस सड़क पर चलने में ही जान का जोखिम है. मामले को लेकर प्रबंधन को कई बार सचेत भी किया गया है लेकिन अब तक कोई उचित पहल नहीं हुई है. बुधवार को सड़क पर दरार पड़ गई है, इसके बाद से ग्रामीण और भी भयभीत हैं. नेताओं ने यह भी कहा प्रबंधन अगर जल्द उचित निर्णय नहीं लेता है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन करने को बाध्य होगा. जिसकी जिम्मेदार प्रबंधन खुद पर होगी.

### नीरज सिंह हत्याकांड

## धनजी के आवेदन पर सुनवाई

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले की सुनवाई बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. इस दौरान आरोपी धनजी सिंह ने आवेदन दायर कर उपायुक्त धनबाद द्वारा एसपी, एसडीएम ,सिविल सर्जन को लिखे गए पत्र की मूल प्रति मंगाने की गुहार लगाई.आवेदन पर अधिवक्ता मो. जावेद ने दलील देते हुए कहा कि कथित घटना के दिन उपायुक्त धनबाद ने एसएसपी, सिविल सर्जन व एसडीएम धनबाद को पत्र लिखा था और कहा था कि अज्ञात अपराधियों द्वारा नीरज सिंह व अन्य की हत्या कर दी गई है, इसका पोस्टमार्टम रात में ही कराया जाए. लिहाजा उस पत्र को उपायुक्त कार्यालय, एसपी कार्यालय ,एसडीएम कार्यालय और सिविल सर्जन कार्यालय से मंगाया जाना न्यायहित में आवश्यक है ताकि उसे प्रदर्श के रूप में अंकित किया जाए. अदालत ने सहायक लोक अभियोजक को बहस करने का आदेश दिया है.

**डीसी के पत्र को प्रदर्श करने की गुहार**

# 8 लेन से 200 मीटर दूर होंगी शराब दुकानें : रामलीला रवानी

- हेल्पिंग हेंड ने की शराब दुकान हटाने की मांग

**शुभम संदेश। धनबाद**



मेमको मोड़, गोल बिल्डिंग मोड़, बिनोद बिहारी महतो चौक, शक्ति चौक आठ लेन स्थित शराब दुकानों को हटा कर जीटी रोड के तर्ज पर 200 मीटर दूर कहीं अन्य जगह पर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर बुधवार को धनबाद के सहायक उत्पाद आयुक्त राम लीला रवानी से स्थानीय ग्रामीणों के प्रतिनिधि ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंडस संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष समाजसेवी गौतम कुमार मंडल के नेतृत्व में पुनः हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर जल्द से जल्द शराब दुकानों को स्थानांतरित करने की मांग किया गया. सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि डीसी धनबाद, एसडीएम धनबाद व धनबाद सांसद ढुलू महतो के द्वारा धनबाद 8 लेन रोड के शराब दुकानों को हटा कर 200 मीटर दूर अन्य जगह स्थानांतरित करने का आदेश प्राप्त हुआ है. जल्द ही इस बार शराब नीति नियम के तहत शराब दुकानों के नई आवंटन प्रक्रिया में विशेष कर धनबाद 8 लेन से 200 मीटर की दूरी पर शराब दुकानों को रखनें के प्रावधान का आदेश लागू रहेगा. संस्था के गौतम ने कहा कि चौक पर स्थित शराब दुकानें होने के कारण शाम होते ही शराबियों और मनचलों की महफिल जम जाती है. इसके कारण जाम और सड़क दुर्घटनाएं भी होती है. लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर शराबी व मनचले लड़ाई झगडे के लिए उग्र रूप धारण कर लेते हैं. इन शराब दुकानों के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है. असुरक्षा का भय बना रहता है. मौके पर अंकित मंडल, रणजी मंडल, सचिन कुमार, राहुल एवं अन्य मौजूद थे.

# निगम चुनाव की तैयारियों में जुटी जिला कांग्रेस

**शुभम संदेश। धनबाद**



धनबाद के विवाह भवन लुबी सर्कुलर रोड में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की, जबकि झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं धनबाद नगर निगम क्षेत्र के प्रभारी अजय कुमार दुबे मुख्य अतिथि थे.
बैठक में नगर निगम के 55 वार्ड अध्यक्ष, 6 नगर अध्यक्ष, प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं मोर्चा संगठन के अध्यक्ष मौजूद थे. अजय कुमार दुबे ने संगठन को मजबूत बनाने और जनता की समस्याओं के प्राथमिक समाधान पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों की जानकारी पार्टी को दी जाए, ताकि सुधार किया जा सके. जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और भाजपा सरकार पर गरीबों के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया. आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर सभी अध्यक्षों को बधाई दी गई और चुनावी तैयारियों हेतु सशक्त कमिटी बनाने का मार्गदर्शन दिया गया.
कार्यक्रम में कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कांग्रेस के स्थानीय नेता उपस्थित थे, जिन्होंने संगठन सृजन और चुनावी रणनीति पर अपने विचार साझा किए. कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी ने कहा कि उम्मीदवारों के चयन में जनता की छवि को प्राथमिकता दी जाएगी और सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान में जुट जाएं ताकि चुनाव में सफलता मिले.

# पंचायती राज के प्रतिनिधियों की अनदेखी कर रही सरकार : शारदा

- कहा, सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने का काम करेंगे

**शुभम संदेश। धनबाद**

बलियापुर प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार पंचायती राज के प्रतिनिधियों को अनदेखी कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि एक वर्ष से फंड नहीं मिलने के कारण विकास कार्य अवरुद्ध हो गए हैं. चेयरमैन शारदा सिंह ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने का काम करेंगे. मौके पर प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्यगण, मुखियागण, पंचायत समिति सदस्यगण, वार्ड सदस्यगण उपस्थित थे.

### जिप अध्यक्ष ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**धनबाद।** धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने भारतीय जनता युवा मोर्चा, धनबाद महानगर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किए. उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, जिलाध्यक्ष श्रवण राय, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे.

# उपायुक्त ने किया कला भवन का निरीक्षण



**शुभम संदेश। धनबाद**

जिला में खेल-कूद एवं कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने लुबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन का निरीक्षण किया. कलाभवन स्थित इंडोर स्टेडियम, मल्टी जिम, ओपन थिएटर, कार्यालय कक्ष समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया. उपायुक्त ने कला भवन के रख रखाव, स्टाफ की प्रतिनियुक्ति, कार्यक्रम हेतु बुकिंग की जानकारी, आय-व्यय, साफ-सफाई समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिला के खिलाड़ियों एवं कलाकारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं प्रोत्साहन हेतु इस भवन का निर्माण किया गया था. इसी उद्देश्य को सफल करने की दिशा में आगे कार्य किया जाएगा. जिसके लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसका फायदा जिला वासियों को मिलेगा. इस दौरान निदेशक डीआरडीबी सह विशेष कार्य पदाधिकारी श्री राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, केयर टेकर मौजूद रहें.

## आसनसोल

# एक सड़क के निर्माण कार्य का दो बार शिलान्यास, विवाद शुरू

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



जिले के काशीपुर प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू होने से पहले विवाद खड़ा हो गया है. जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले काशीपुर विधानसभा के पूर्व तृणमूल विधायक और पुरुलिया जिला परिषद सदस्य स्वप्न कुमार बेलथरिया ने सड़क निर्माण का औपचारिक उद्घाटन किया था. अब काशीपुर विधानसभा के भाजपा विधायक कमलाकांत हांसदा ने फिर से सड़क निर्माण का उद्घाटन किया है. एक सड़क का दो दो बार निर्माण कार्य का शिलान्यास से विवाद उत्पन्न हो गया है. जिरह हो रही है कि सड़क राज्य सरकार की है या केन्द्र सरकार की. काशीपुर ब्लाक अंतर्गत सोनाथली क्षेत्र के कलियाडा से कुलतोड़ा होते हुए तालाजुड़ी चौराहे तक की सड़क और दूसरी सड़क हदल्दा-उपररा क्षेत्र के सुभाष रोड से हुरा मुख्य रोड तक की है. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो सड़कों का निर्माण पुरुलिया जिला परिषद के एसआरडीआर कार्यालय द्वारा किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि कलियाडा से कुलतोड़ा होते हुए तालाजुड़ी मोड़ तक सड़क निर्माण के लिए करीब 1 करोड़ 77 लाख रुपये आवंटित किया गया है. वहीं सुभाष रोड से हुड़ा मेन रोड तक सड़क निर्माण के लिए करीब 6 करोड़ 47 लाख रुपये आवंटित किया गया है. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार बेलथरिया ने इन दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का आधिकारिक उद्घाटन किया था. और अब विधायक कमलाकांत हांसदा ने फिर से उन दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया है. स्थानीय लोगों की मौजूदगी में विधायक ने मंगलवार को नारियल फोड़कर और फीता काटकर दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का औपचारिक उद्घाटन किया.

# बारिश से टूटी सड़कें राहगिरों की बढ़ी मुश्किलें



**शुभम संदेश। सांकतोड़िया**

आसनसोल पुरुलिया मुख्य सड़क पर आसनसोल नगरनिगम के 105 नंबर वार्ड के डिसरगढ़ के पास बन गए गड्ढे और कीचड़ के कारण आनेजाने वालों वाहनों तथा लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. अक्सर वाहनों की लंबी कतारें लग जा रही हैं. उल्लेखनीय है कि इस रूट से भारी मालवाही, दूरगामी यात्री वाहनों, दुपहिया, चौपहिया वाहनों का गुजरना होता है. जबकि स्थानीय क्षेत्रों में स्कूल, बैंक, सरकारी संस्थान, बाजार आदि हैं लोगों का आवागमन बना रहता है. सड़क दुरावस्था के कारण हरपल खतरे की आशंका बनी रहती है. इस मार्ग पर पुरुलिया से डिसरगढ़ सुभाष सेतु पार करते ही समस्यायें शुरू हो जाती हैं. नदीघाट से राधानगर तक सड़क की हालत लगभग हर जगह टूटी फूटी जर्जर है. वर्षा से पहले सड़क की चिटापट्टी कर ठीक करने का प्रयास किया गया था. नतीजा सामने है. जानकारों का कहना है कि वर्षा के दिनों में सड़क की मरम्मत संभव नहीं होती. पानी को पीच का दुश्मन समझा जाता है. इस बार वर्षा भी जोरदार बताया जाता है. लिहाजा बरसात बाद ही सड़क की अवस्था ठीक किये जाने की आशंका जताई जाती है.

## न्यूज अपडेट

### चोरी की घटना में तीन गिरफ्तार



**सालानपुर।** रूपनारायणपुर फाड़ी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. कुछ दिनों पहले सालानपुर थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर फाड़ी इलाके के कई घरों में चोरी की घटनाएं हुईं. इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की. कल रात डाबर मोड़ इलाके से तीन आरोपियों को रूपनारायणपुर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया. ये तीनों बिहार के जहानाबाद जिले के निवासी हैं. आरोपियों के नाम कुमार भारती, सूरज कुमार और अमरजीत पासवान हैं. माना जा रहा है कि ये सभी रूपनारायणपुर इलाके में हुई कई चोरी की घटनाओं में शामिल हैं. सभी आरोपियों को बुधवार को आसनसोल अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने 7 दिनों की रिमांड की मांग की है.

### आदिकर्ण फाउंडेशन ने सीए, डॉक्टर्स को किया सम्मानित



**आसनसोल।** आदिकर्ण फाउंडेशन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस और डॉक्टर्स दिवस के शुभ अवसर पर आसनसोल में विभिन्न चार्टर्ड अकाउंटेंटों और डॉक्टरों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा. अदिकार्ना फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में समाज के देवदूतों और देश की आर्थिक मजबूती में उनके विशाल योगदान पर प्रकाश डाला था. इसी प्रेरणा से फाउंडेशन ने इन पेशेवरों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया. वर्मा ने कहा कि कुल्टी क्षेत्र में यह गर्व की बात है कि कुल्टी के विधायक डॉ. अजय पोद्दार एक चिकित्सक होने के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी हैं. फाउंडेशन के कानूनी सलाहकार और आसनसोल जिला कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सोलंकी ने विधायक डॉ. अजय पोद्दार को उत्तरीय पहनाकर सम्मानित किया. इस कार्यक्रम के दौरान, अदिकार्ना फाउंडेशन ने सम्मानित किए गए सभी डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंटों को मोमेंटो और स्मार पत्र भी प्रदान किए. जिनमें नियामतपुर निवासी स्वर्गीय राधेश्याम जलान के पुत्र सीए विक्रम जलान, नियामतपुर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश सिंह को सम्मानित किया गया. फाउंडेशन के उपाध्यक्ष काजल दास, कवि सिंह और संगठन के सदस्य की पुत्री सोनिया साव, जय साव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.

### सेल में टोर्पेडो लेडल मॉनिटरिंग सिस्टम का उद्घाटन



**बर्नपुर।** इस्को स्टील प्लांट सेल-आईएसपी में अत्याधुनिक टोर्पेडो लेडल मॉनिटरिंग सिस्टम टीएलएमएस का उद्घाटन किया गया. यह प्रणाली सुरक्षा पूर्वानुमानात्मक रखरखाव और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस प्रणाली का उद्घाटन ईडी (वर्क्स) दीप्तेंदु घोष ने ईडी (प्रोजेक्ट्स) सुरजीत मिश्रा ने किया. इस नवीनतम टीएलएमएस का उद्देश्य परिचालन सुरक्षा बढ़ाना और हॉट मेटल टोर्पेडो की सेवा अवधि को बढ़ाना है. टीएलएमएस का उपयोग ब्लास्ट फर्नेस से कन्वर्टर तक पीघले हुए लोहे को ले जाने के लिए किया जाता है. यह पीघले हुए लोहे को गर्म रखने में मदद करता है, जिससे यह कन्वर्टर तक पहुँचने तक ठंडा न हो. यह कई प्रमुख विशेषताएँ से लैस है, जिसमे 360 थर्मल इमेजिंग , स्मार्ट ट्रैकिंग, तत्काल चेतावनी अलर्ट, एआई - सक्षम विश्लेषण, केंद्रीकृत निगरानी शामिल है. इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग द्वारा क्रियान्वित यह पहल सेल-आईएसपी की सुरक्षा, परिचालन उत्कृष्टता और डिजिटल परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

# राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर पत्रकारों ने डाक्टरों को किया सम्मानित



**शुभम संदेश। बराकर**

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर कुल्टी , बराकर के पत्रकारों ने स्थानीय विधायक सह चिकित्सक डॉ. अजय कुमार पोद्दार एवं ग्रीन प्वाइंट अकाडेमी के चैयरमेन डॉ0 रामबालक शर्मा को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. पत्रकारों ने इस सम्मान के माध्यम से डॉक्टरों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा और उनके योगदान को याद किया. इस दौरान पत्रकारों में एसपी सिंह, मनोज नियोगी एवं बंटी विश्वकर्मा पापना बनर्जी मुख्य रूप उपस्थित थे. विधायक डॉ0 अजय कुमार पोद्दार ने कहा कि डॉ. विधान चन्द्र राय के स्मृति में डॉक्टर दिवस मनाते है, जो भारत के ग्रेट क्लीनसियन थे. मरीज को देख कर ही उनका डायग्नोसिस कर देने का उनके अंदर एक अद्भुत श्रमता थी. उन्होंने कहा कि डॉ. विधान चंद्र राय बंगाल के मुख्य मंत्री भी थे जिन्होंने बंगाल के उन्नति के लिए बहुत सारे कार्य किये है. जिस बातको भूला नहीं जा सकता है. ग्रीन पॉइंट अकाडेमी के चैयरमेन डॉ. राम बालक शर्मा ने कहा कि डॉक्टर्स को भगवान के रूप माना जाता है. आज के समय मे साइंस बहुत डेवलप कर रही है.

### मुर्हरम को लेकर पीस कमेटी ने की बैठक

**बर्नपुर।** मुर्हरम को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर हीरापुर थाना की ओर से स्टेशन रोड स्थित एक निजी मैरेज हॉल में पीस कमेटी की बैठक की गई. बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मुहर्रम अखड़ा कमेटियों को प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों पर प्रकाश डालने के साथ शांतिपूर्वक मुहर्रम का अखाड़ा निकालने पर जोर दिया. बैठक को संबोधित करते हुए एसीपी इप्शिता दत्ता ने प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के साथ कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग करने की अपील की. वहीं सीआईए अशोक सिंह महापात्र, हीरापुर थाना प्रभारी तन्मय राय ने सभी मुर्हरम अखाड़ा कमेटियां अपने वॉलेंटियर की सूची तैयार रखने, निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकालने सहित अखाड़ा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर कई सुझाव दिये. बैठक के दौरान विभिन्न मुर्हरम अखाड़ा कमेटियों के प्रतिनिधियों के अलावा कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे.

# पुरुलिया में लोक निर्माण विभाग ने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



झालदा से बाघमुंडी सड़क के अवरोधों के कारण विस्तारीकरण का रुके हुए काम को शुरू कराया गया. लोक निर्माण विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर बुधवार को अवैध निर्माण को ध्वस्त किया. जानकारी के अनुसार झालदा के इचाक में अवरोधों के कारण सड़क विस्तारीकरण का काम रुका हुआ था. जिसे लोक निर्माण विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर बुधवार को अवैध निर्माण को ध्वस्त किया. प्रशासन और स्थानीय सूत्रों के अनुसार विभाग पिछले कुछ समय से झालदा से बाघमुंडी सड़क के विस्तारीकरण का काम कर रहा है. सड़क को दोनों तरफ से चौड़ा करने के काम में कोई बाधा नहीं आई. हालांकि कुछ दिन पहले इचाग में सड़क के पास रहने वाले दो परिवारों ने इस पर आपत्ति जताई थी. इस कारण वहां काम रोक दिया गया था. विरोध करने वालों में अंकित भगत का दावा है कि प्रशासन हर काम जबरदस्ती कर रहा है. वे हमारी बात नहीं सुन रहे हैं और हमें पुलिस की गाड़ियों में बिठाये रख रहे हैं. हालांकि लोक निर्माण विभाग पुरुलिया के सहायक अभियंता शुभम दत्ता का कहना है कि जो भी किया जा रहा है, वह नियमों के मुताबिक ही किया जा रहा है.

